यहाँ हम हिंदी कक्षा 10 के "संचयन भाग-2" के पाठ-3 "टोपी शुक्ल" कहानी के लेखक परिचय, , कठिन-शब्दों के अर्थ और NCERT की पुस्तक के अनुसार प्रश्नों के उत्तर, इन सभी का वर्णन कर रहे हैं। छात्रों के लिए 10वीं क्लास सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है, इसलिए एनसीआरटी अपने सेलेब्स में उन टॉपिक को जरूर कवर करती है जो परीक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होती है। तो चलिए जानते हैं " Topi shukla class 10 के बारे में Leverage Edu के साथ।

# लेखक परिचय

लेखक - राही मासूम रज़ा

जन्म - 1 सितम्बर 1927 (पूर्वी उत्तर प्रदेश, गाजीपुर (गंगौली)

मृत्यु - 15 मार्च 1992

**राही मासूम रज़ा का जीवन परिचय**

टोपी शुक्ला पाठ के लेखक राही मासूम रज़ा जी हैं |इनका जन्म 1 सितंबर 1927 को पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के गंगौली गाँव में हुआ था |इनकी मृत्यु 15 मार्च 1992 को हुआ था |इन्होंने गाँव में ही शुरूआती शिक्षा पूरी करने के बाद अलीगढ़ युनिवर्सिटी से उर्दू साहित्य में अपनी पीएच. डी. पूर्ण की |तत्पश्चात्, वहीं पर कुछ वर्षों तक अध्यापन कार्य भी करते रहे |फिर रज़ा साहब मुम्बई चले गए, जहाँ पर उन्होंने सैंकड़ों फिल्मों की पटकथा, संवाद और गीत लिखे | प्रसिद्ध धारावाहिक 'महाभारत' की पटकथा, संवाद और गीत लेखन ने उन्हें इस क्षेत्र में सर्वाधिक ख्याति दिलाई।

राही साहब ने अपने लेखन के माध्यम से जनता को बाँटने वाली शक्तियों, राजनीतिक दलों, व्यक्तियों तथा संस्थाओं का खुलकर विरोध किया है। उन्होंने संकीर्णताओं और अंधविश्वासों, धर्म और राजनीति के स्वार्थी गठजोड़ आदि को भी बेनकाब किया है |राही साहब एक ऐसे कवि-कथाकार थे, जिनके लिए भारतीयता आदमीयत का पर्याय रही |राही साहब के सम्पूर्ण लेखन में आम हिन्दुस्तानी की पीड़ा, दुःख दर्द, उसकी संघर्ष क्षमता की अभिव्यक्ति है।

# Topi Shukla Summary

'टोपी शुक्ला'कहानी के लेखक 'राही मासूम रजा'हैं। इस कहानी के माध्यम से लेखक बचपन की बात करता है। बचपन में बच्चे को जहाँ से अपनापन और प्यार मिलता है वह वहीं रहना चाहता है।

यह नामों का जो चक्कर होता है वह बहुत ही अजीब होता है। परन्तु खुद देख लीजिए कि केवल नाम बदल जाने से कैसी-कैसी गड़बड़ हो जाती है। यदि नाम कृष्ण हो तो उसे अवतार कहते हैं और अगर नाम मुहम्मद हो तो पैगम्बर (अर्थात पैगाम देने वाला)। कहने का अर्थ है की एक को ईश्वर और दूसरे को ईश्वर का पैगाम देने वाला कहा जाता है। नामों के चक्कर में पड़कर लोग यह भूल जाते हैं कि दोनों ही दूध देने वाले जानवरों को चराया करते थे। दोनों ही पशुपति, गोवर्धन और ब्रज में रहने वाले कुमार थे।

प्रस्तुत पाठ में भी लेखक ने दो परिवारों का वर्णन किया है जिसमें से एक हिन्दू और दूसरा मुस्लिम परिवार है। दोनों परिवार समाज के बनाए नियमों के अनुसार एक दूसरे से नफ़रत करते हैं परन्तु दोनों परिवार के दो बच्चों में गहरी दोस्ती हो जाती है। ये दोस्ती दिखती है कि बच्चों की भावनाएँ किसी भेद को नहीं मानती।

आज के समाज के लिए ऐसी ही दोस्ती की आवश्यकता है। जो धर्म के नाम पर खड़ी दीवारों को गिरा सके और समाज का सर्वांगीण विकास कर सके।

# कठिन-शब्दों के अर्थ

1. घपला - गड़बड़
2. डेवलपमेंट - विकास
3. परम्पराएँ - रीती रिवाज़
4. अटूट - जिसे तोड़ा न जा सके
5. मौलवी - इस्लाम धर्म का आचार्य
6. काफ़िर - गैर मुस्लिम

7. वसीयत - अपनी मृत्यु से पहले ही अपनी सम्पति या उपभोग की वस्तुओं को लिखित रूप से विभाजित कर देना
8. करबला - इस्लाम का एक पवित्र स्थान
9. नमाजी - नियमित रूप से नमाज पढ़ने वाला
10. सदका - एक टोटका
11. पाबंद - नियम, वचन आदि का पालन करनेवाला
12. छठी - जन्म के छठे दिन का स्नान/पूजन/उत्सव
13. जश्न - उत्सव/ख़ुशी का जलसा
14. नाक-नक्शा - रूप-रंग
15. हाँडियाँ - मिट्टी का वह छोटा गोलाकार बरतन
16. मियाँ - पति
17. कस्टोडियन - जिस सम्पति पर किसी का मालिकाना हक़ न हो उसका सरक्षण करने वाला विभाग
18. बीजू पेड़ - गुठली की सहायता से उगाया गया पेड़
19. बेशुमार - बहुत सारी
20. पाक - पवित्र
21. परवरदिगार - परमेश्वर
22. मुलुक - देश
23. अलबत्ता - बल्कि
24. अमावट - पके आम के रस को सूखाकर बनाई गई मोटी परत
25. तिलवा - तिल के बने व्यंजन
26. चुभलाना - मुँह में कोई खाद्य पदार्थ रखकर उसे जीभ से बार-बार हिलाकर इधर-उधर करना
27. गज़ब - मुसीबत
28. चौका - चार वस्तुओं का समूह
29. घिन्न - नफ़रत
30. असलियत - सच्ची बात
31. चुगलखोर - शिकायत करने वाला

32. बदन - शरीर
33. वास्ते - नाते, लिए
34. जुग़राफ़िया - भूगोल शास्त्र
35. सरक गए - निकल गए
36. अय्यसा - ऐसा
37. तोहरी - तुम्हारी
38. सकत्यो - सकता
39. फ़िकर - चिंता
40. मसहूर - प्रसिद्ध
41. क्लम्ज़ी - भद्दा
42. अकड़ - घमंड
43. लप्पड़ - थपड़
44. शुशकार - कुत्ते को किसी के पीछे लगाने के लिए नीलाले जाने वाली आवाज़
45. भुकीं - चुभी
46. रुख - चेहरा
47. दाज - बराबरी
48. जाड़ा - ठण्ड
49. उतरन - किसी के द्वारा पहनकर उतारे हुए वे पुराने कपड़े जिनका उपयोग अब वह न करता हो
50. बदतमीज़ी - अपमान
51. आसमान सिर पर उठाना - बहुत अधिक शोर मचाना
52. पापड़ बेलना - बहुत मेहनत करना
53. इन्टरमीडिएट - माध्यमिक
54. ज़बान की नोक पर रखना - लगातार किसी की बात करना
55. गाउदी - मुर्ख, मन्दबुद्धि
56. दर्जे - कक्षा
57. सितम - ज़ुल्म
58. मिसाल - उदाहरण

59. गीली मिट्टी का लौंदा - गीली मिट्टी का पिंड
60. बरस - साल
61. इम्तिहान - परीक्षा
62. पारसाल - आने वाला साल
63. तमाम - सभी
64. रिसेज़ - लंच, स्कूल में दोपहर के भोजन का समय
65. बिलबिला- बहुत अधिक गुस्से में आना
66. मॉनीटर - मुखिया
67. सन्नाटा - शांति

| | |
|---|---|
| Board | CBSE |
| Textbook | NCERT |
| Class | Class 10 |
| Subject | Hindi Sanchayan |
| Chapter | Chapter 3 |
| Chapter name | Topi Shukla |

## Topi Shukla Class 10: के महत्वपूर्ण प्रश्न-उत्तर

**प्रश्न 1. इफ्फ़न-टोपी शुक्ला की कहानी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा किस तरह से है?**

उत्तर- इफ्फुन 'टोपी शुक्ला' कहानी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि टोपी शुक्ला की पहली दोस्ती इफ्फुन के साथ ही हुई थी। इफ्फ़न के बिना टोपी शुक्ला का जीवन अधूरा है। इफ्फ़न के बिना टोपी की कहानी को समझा नहीं जा सकता। दोनों अलग-अलग मज़हब के होते हुए भी एक-दूसरे से अटूट रूप से जुड़े हुए हैं।

**प्रश्न 2.'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?**

उत्तर- टोपी शुक्ला के घरवाले आधुनिक होने के साथ-साथ कट्टर हिंदू भी थे। 'अम्मी' शब्द मुसलमानों के घर में इस्तेमाल होता है किंतु जब टोपी शुक्ला के मुख से "अम्मी" शब्द सुना गया तब घरवालों के होश उड़ गए। उनकी परंपराओं की दीवार डोलने लगी। उनका धर्म संकट में पड़ गया। सभी की आँखें टोपी के चेहरे पर जम गईं कि उनकी संस्कृति के विपरीत यह शब्द घर में कैसे आ गया। जब टोपी ने बताया कि यह उसने अपने दोस्त इफ़्फ़न के घर से सीखा है तो उसकी माँ व दादी ने उसकी खूब जमकर पिटाई की।

**प्रश्न 3. इफ्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?**

उत्तर- इफ्फ़न की दादी पीहर इसलिए जाना चाहती थीं क्योकि वे जमींदार परिवार की बेटी थीं। उनके पीहर में घी, दूध व दही की भरमार थी। उन्होंने शादी से पहले पीहर में खूब दूध-दही खाया था। बाद में वे लखनऊ के मौलवी से ब्याही गई थीं जहाँ उन्हें अपनी मौलवी पति के नियंत्रण में रहना पड़ता था। पीहर जाने पर वे स्वतंत्र अनुभव करती थीं, और लपड़-शपड़ जी भर कर दूध-दही खाती थीं। इसी कारण उनका मन हर समय पीहर जाने को तरसता था।

**प्रश्न 4. टोपी ने इफ्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ?**

उत्तर- टोपी की दादी का स्वभाव अच्छा न था। वह हमेशा टोपी को डॉटती-फटकारती थीं व कभी भी उससे प्यार से बात न करती थीं। टोपी की दादी परंपराओं से बँधे होने के कारण कट्टर हिंदू थीं। वे टोपी को इफ्फ़न के घर जाने से रोकती थीं। दूसरी ओर इफ्फ़न की दादी बहुत नरम स्वभाव की थीं जो बच्चों पर क्रोध करना नहीं जानती थीं। इसी स्नेह के कारण टोपी इफ्फन से अपनी दादी बदलने की बात करता है। उनकी बोली भी टोपी को अच्छी लगती थी।

**प्रश्न 5. इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा?**

उत्तर- इफ़्फ़न की दादी स्नेहमयी थीं। वह टोपी को बहुत दुलार करती थीं। टोपी को भी स्नेह व अपनत्व की जरूरत थी। टोपी जब भी इफ्फन के घर जाता था, वह अधिकतर उसकी दादी के पास बैठने की कोशिश करता था क्योंकि उस घर में वही उसे सबसे अच्छी लगती थीं। दादी के देहांत के बाद टोपी के लिए वहाँ कोई न था। टोपी को वह घर खाली लगने लगा क्योंकि इफ्फ़न

के घर का केवल एक आकर्षण था जो टोपी के लिए खत्म हो चुका था। इसी कारण टोपी को इफ्फन की दादी का देहांत के बाद उसका घर खाली-खाली-सा लगने लगा।

**प्रश्न 6. इफ़्फ़न के पूर्वजों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।**

उत्तर- इफ़्फ़न के दादा परदादा बहुत प्रसिद्ध मौलवी थे। वे काफ़िरों के देश में पैदा हुए और काफ़िरों के देश में मरे। वे यह वसीयत करके मरे कि लाश करबला ले जाई जाए। उनकी आत्मा ने इस देश में एक साँस तक न ली। उस खानदान में जो पहला हिंदुस्तानी बच्चा पैदा हुआ वह बढ़कर इफ़्फ़न का बाप हुआ। इसके बाद इफ़्फ़न और अन्य सदस्यों के रूप में यह परिवार भारत को होकर रह गया।

**प्रश्न 7. मृत्यु के करीब आने पर इम्फ़न की दादी को क्या-क्या याद आया?**

उत्तर- मृत्यु के करीब आने पर इफ़्फ़न की दादी को अपना घर याद आया।

**प्रश्न 8. इफ़्फ़न की दादी टोपी को अपने ही परिवार के सदस्यों के उपहास से किस तरह बचाती?**

उत्तर- टोपी जबे इफ्फ़न के घर जाता तो वह इफ्फ़न की दादी के पास ही बैठने की कोशिश करता। वह इफ्फ़न की अम्मी और उसकी बाजी के पास न जाता न बैठता। वे दोनों प्रायः टोपी को उसकी बोली के लिए छेड़ती और हँसती। जब बात बढ़ने लगती तो दादी ही बीच-बचाव करती और कहती कि तू उधर जाता ही क्यों है। इस तरह वे टोपी को अपने परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए उपहास से टोपी को बचाती थी।

**प्रश्न 9. प्रेम जाति और उम्र का बंधन नहीं मानता है। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर- टोपी और इफ्फ़न की दादी में घनिष्ठ प्रेम था। टोपी कट्टर हिंदूवादी ब्राहमण परिवार का था तो इफ्फ़न की दादी पक्की रोज़ा-नमाज़ रखने वाली। यह भेद भी इन दोनों को एक-दूसरे से प्रेम करने से न रोक सका। एक ओर टोपी आठ साल का था तो इफ्फ़न की दादी बहत्तर साल की थी। इस पर दोनों ने एक-दूसरे को अपना समझा और प्रेम के अटूट बंधन में बँधे। इससे स्पष्ट होता है कि प्रेम जाति और उम्र का बंधन नहीं स्वीकारता है।

**प्रश्न 10. Topi Shukla Class 10 के पाठ के आधार पर बताइए कि टोपी को किन-किन से अपनापन मिला? क्या आज के समय में भी ऐसा अपनेपन की प्राप्ति संभव है?**

उत्तर- 'टोपी शुक्ला' पाठ से पता चलता है कि टोपी को अपने मित्र इफ्फ़न, उसकी दादी और घर की नौकरानी सीता से अपनापन मिलता है। टोपी और इफ्फ़न सहपाठी हैं जो सम-वयस्क हैं और इतने निकट आ जाते हैं कि उन्हें अपनापन मिलने लगता है। इसी प्रकार इफ्फ़न की दादी और सीता ही इफ़्फ़न के दुख को समझती हैं और अपनत्वपूर्ण व्यवहार करती हैं। हाँ, आज के समय में भी ऐसा अपनेपन की प्राप्ति संभव है क्योंकि अपनेपन' की राह में जाति, धर्म और उम्र आड़े नहीं आ सकते हैं। यह दो लोगों के सोच-विचार और व्यवहार पर निर्भर करता है।

# Topi Shukla Class 10: CBSE Class 10 Hindi (MCQs)

**Q1- टोपी शुक्ल कहानी का लेखक कौन है ?**

**A) गुरदयाल सिंह**

**B) खुशवंत सिंह**

**C) राही मासूम रज़ा**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: C) राही मासूम रज़ा

**Q2- टोपी को बचपन में कहाँ से प्यार मिलता था ?**

**A) अपने मित्र की दादी माँ से**

**B) अपने परिवार की नौकरानी से**

**C) दोनों से**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: C) दोनों से

**Q3- टोपी का पहला मित्र कौन था ?**

**A) इफ़्फ़न**

**B) उसकी माता जी**

**C) उनकी नौकरानी**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: A) इफ़्फ़न

**Q4- किसके पास रहते हुए टोपी स्वयं को कभी अकेला नहीं समझता था ?**

**A) नौकरानी के पास**

**B) इफ़्फ़न के पास**

**C) किसी के पास नहीं**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: B) इफ़्फ़न के पास

**Q5- टोपी कौन सी कक्षा में दो बार फेल हुआ ?**

**A) आठवीं**

**B) दसवीं**

**C) नौवीं कक्षा में**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: C) नौवीं कक्षा में

**Q6- टोपी की किस बात से घर में बवाल खड़ा हो गया था ?**

**A) नौवीं कक्षा में फेल होने से**

**B) माता जी को अम्मी बुलाने से**

**C) किसी बात से नहीं**

**D) दोस्तों के साथ खेलने से**

उत्तर: B) माता जी को अम्मी बुलाने से

**Q7- इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थी ?**

**A) खुली हवा में सांस लेने के लिए**

**B) दूध दही और घी खाने के लिए**

**C) दोनों**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: C) दोनों

**Q8- टोपी शुक्ल पाठ का मुख्य पात्र कौन है ?**

**A) टोपी**

**B) इफ़्फ़न**

**C) इफ़्फ़न की दादी**

**D) नौकरानी**

उत्तर: A) टोपी

**Q9- टोपी शुक्ला पाठ का मूल भाव क्या है ?**

**A) बचपन की मासूमियत और प्रेम भाव में अपनापन दर्शाना**

**B) बचपन की लड़ाईया दिखाना**

**C) कोई नहीं**

**D) प्रेम भाव**

उत्तर: A) बचपन की मासूमियत और प्रेम भाव में अपनापन दर्शाना

**Q10- टोपी को अपनी दादी सुभद्रा अच्छी क्यों नहीं लगती ?**

**A) क्यूंकि सुंदर नहीं है**

**B) लड़ती है**

**C) डांटती रहती है**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: C) डांटती रहती है

**Q11- उर्दू और हिंदी कौन सी भाषा के दो नाम हैं ?**

**A) हिंदवी**

**B) फ़ारसी**

**C) कोई नहीं**

**D) उर्दू**

उत्तर: A) हिंदवी

**Q12- टोपी खुद को भरे पूरे घर में अकेला क्यों समझता है ?**

**A) क्यूंकि सब उसको डांटे है**

**B) मुन्नी बाबू और भैरव भी सब को उसके विरुद्ध भटकाते हैं**

**C) दोनों**

**D) कोई नहीं**

उत्तर: C) दोनों

**Q13- कौन दोनों दूध देने वाली गाय चराते थे ?**

**A) पैगंबर मोहम्मद और अवतार श्री कृष्ण**

**B) टोपी और इफ़्फ़न**

**C) कोई नहीं**

**D) अवतार**

उत्तर: A) पैगंबर मोहम्मद और अवतार श्री कृष्ण

**Q14- लेखक नामो के चक्कर को अजीब क्यों मानता है ?**

**A) क्यूंकि नाम से किसी का स्वरूप नहीं बदलता**

**B) क्यूंकि नाम सभी भाषा में होते है**

**C) कोई नहीं**

**D) क्यूंकि नाम नाम होते हैं**

उत्तर: A) क्यूंकि नाम से किसी का स्वरूप नहीं बदलता

**Q15- मरते समय इफ़्फ़न की दादी को अपना मायका क्यों याद आ रहा था ?**

**A) अपनी माँ के कारण**

**B) अपनी खूबसूरत यादो और वहाँ बिताए अच्छे समय के कारण**

**C) कोई नहीं**

**D) अच्छे समय के कारण**

उत्तर: B) अपनी खूबसूरत यादो और वहाँ बिताए अच्छे समय के कारण